<u>समाचार</u>

<u>महापौर व नगर विधायक के नेतृत्व में होगा कोरबा का समग्र विकास–डॉ.महंत</u>

<u>(वार्ड क्र. 35 सतनाम भवन के समीप सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महंत ने, नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की रही विशेष उपस्थिति )</u>








कोरबा 18 फरवरी 2016 –पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ.चरणदास महंत ने आज कहा है कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल विकास व जनकल्याण की दिशा में अच्छा कार्य कर रहे हैं, सभी समाज के लोगों के सहयोग के लिए वे हमेशा तत्पर रहते हैं तथा इनके नेतृत्व में कोरबा का समग्र विकास सुनिश्चित है। उन्होने कहा कि आमजन की मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान केन्द्रित करना अत्यंत आवश्यक है, प्रसन्नता की बात है कि महापौर द्वारा इस दिशा में विशेष इच्छाशक्ति के साथ कार्य किये जा रहे है।

उक्त बातें पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ.मंहत ने आज बालको नगर में आयोजित एक भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान दिये गये अपने उदबोधन में कही। कोरबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल के विधायक मद से वार्ड क्र. 35 रामलीला मैदान सतनाम भवन के समीप सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाना है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ.चरणदास महंत ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उक्त महत्वपूर्ण विकास कार्य का भूमिपूजन व शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा की गई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम में काफी संख्या में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए डॉ. महंत ने आगे कहा कि एक अच्छे नेतृत्व व सही मार्गदर्शन के बिना विकास को उचित गति व दिशा नहीं दी जा सकती, विकास तभी सार्थक होता है जब वह जनकल्याण व जनहित के लिए किया गया हो, आमजनता को उसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल रहा हो तथा लोगों को सुविधाएं प्राप्त हो रही

हो। उन्होने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि महापौर श्रीमती अग्रवाल व विधायक श्री अग्रवाल इसी दिशा में कार्य कर रहे हैं तथा सभी को साथ में लेकर बिना किसी भेदभाव के विकास को सही गति व दिशा दे रहें हैं। आगे आने वाले सालो–साल तक क्षेत्र में बिजली, पानी की समस्या नहीं रहेगी, इस दिशा में सुनियोजित रूप से कार्य महापौर द्वारा किया जा रहा है, जिसके लिए मैं उन्हें बधाई व शुभकामनाएं देता हूं।

<u>एकता, सद्भाव व समानता का संदेश दिया गुरू घासीदास ने</u>–कार्यक्रम के दौरान पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ.चरणदास महंत, नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने सतनाम भवन में बाबा गुरू घासीदास तथा वहां पर स्थापित जैतखांभ की पूजा अर्चना की। इस मौके पर डॉ. महंत ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास जी एक सच्चे समाज सुधारक तथा मार्गदर्शक थे, उन्होने सामाजिक एकता, समानता एवं सद्भावना का संदेश समाज को दिया तथा बताया कि प्रत्येक मनुष्य एक समान है एवं मनुष्य के बीच कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होने कहा कि सतनाम पंथ हम सबको सत्य के मार्ग पर चलने, हिंसा से दूर रहने तथा भाईचारा कायम रखने का संदेश देता है। डॉ.महंत ने कहा कि कोरबा की सामाजिक एकता काबिले तारीफ है और निश्चित रूप से एकता से ही समाज का विकास होता है।

<u>जनहित को दी जाएगी सर्वोच्च प्राथमिकता</u>–भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि आमजनता के हितों के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा जनहित को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होने कहा कि आर्थिक रूप से पिछड़े तथा जरूरतमंद लोगों को हरसंभव सहायता देने, उन्हे आगे बढ़ाने का संकल्प है हमारा, इस संकल्प को पूरा करने पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य किए जाएंगे। नगर विधायक श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं, सभी वार्डो में पानी व बिजली की कोई समस्या न रहे इस दिशा में ठोस कार्य हो रहे हैं। उन्होने कहा कि जनता को सभी मूलभूत सुविधाएं सहजता के साथ प्राप्त हो, पानी, बिजली, सड़क, नाली व साफ–सफाई के लिए जनता को परेशान न होना पड़े, तभी विकास की सार्थकता सिद्ध होगी, प्रसन्नता का विषय है कि महापौर इस दिशा में अच्छा कार्य कर रही है।

<u>सर्वसमाज के सहयोग हेतु सदैव तत्पर</u>–इस मौके पर विधायक श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि प्रत्येक समाज आगे बढ़े, संगठित रहे तथा सामाजिक गतिविधियों हेतु पर्याप्त सुविधाएं प्राप्त हो, इस हेतु हरसंभव सहयोग के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा, समाज को आगे बढ़ाने की पहल समाज के लोग करें, हम सब सहयोग के लिए हमेशा खड़े रहेगे। उन्होने कहा कि इस सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु 07 लाख रूपये की स्वीकृति मेरे विधायक मद से दी गई है, नागरिकों के अनुरोध पर 03 लाख रूपये की स्वीकृति और दी जाएगी, इसके साथ ही आगे जो भी कमी रहेगी वह भी पूरी की जाएगी, किन्तु प्रयास किया जाएगा कि यह सामुदायिक भवन सर्वसुविधायुक्त रूप से बने ताकि इसका अधिकतम उपयोग किया जा सके। उन्होने कहा कि सतनाम भवन की लाईब्रेरी में आवश्यक पुस्तकें समाज के लोगों की मांग पर प्रदान की जाएगी, उन्होने समिति पदाधिकारियों से अनुरोध किया कि वे पुस्तकों की सूची उपलब्ध करा दें।

<u>विकास बिना किसी भेदभाव के</u>–महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि निगम क्षेत्र के सभी 67 वार्डो में समान रूप से विकास कार्य किए जा रहे हैं तथा विकास कार्यो में किसी प्रकार का भेदभाव नही किया जा रहा है। उन्होने कहा कि क्षेत्र की जनता की सभी छोटी–बड़ी समस्याओं का समुचित रूप से निराकरण करना तथा उन्हें प्रत्येक मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसी दिशा में कार्यो को विशेष दिशा व गति निगम द्वारा दी जा रही है। उन्होने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे निगम की सत्ता सौपी है, मेरा सतत प्रयास रहता है कि मैं इस विश्वास पर खरी उतरू तथा नगर के विकास के लिए, जनता के हितों के लिए कुछ अच्छा कर सकूं।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, महामंत्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, चेम्बर आफ कामर्स बालकोनगर के अध्यक्ष सुमेर डालमिया, मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, देवीदयाल सोनी, इंदिरा कौशिक, डॉ.गोपाल कुर्रे, पार्षद कृपाराम साहू, मनीष शर्मा, संतोष कुर्रे, हितानंद अग्रवाल, लुकेश्वर चन्द्रा, महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, विधायक प्रतिनिधि प्रेमलता मिश्रा एवं राजेन्द्र सिंह ठाकुर, लता मरकाम, जयप्रकाश घिलहरे, शिव प्रसाद कौशिक, लता सिंह, देवकली, सतनाम कल्याण समिति के संस्थापक पी.एस.कमलेश, वरिष्ठ सचिव आर.सी.बांजेल, संरक्षक एम.सी. तोन्डे, पी.आर. पात्रे, अध्यक्ष जे.पी. पात्रे, के.आर. खुंटे, ए.डी. जोशी, के.एल. कुर्रे, एच.के. बंजारे, एम.आर. जांगड़े, डी.आर. बैनर्जी, एम.डी. बंजारा आदि के साथ काफी संख्या में आमनागरिकगण उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**(रावेन्द्र सिंह)**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)